दिन– सोमवार दिनांक– 09/10/2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने राज्यों की सहकारी समितियों और कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंकों के रजिस्ट्रार कार्यालयों का **आधुनिकिकरण** करने का निर्णय लिया।

02. केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने जातीय आधारित गणना की रिपोर्ट पर उठाया सवाल। कहा– राजनीतिक द्वेष के चलते कुछ जातियों की संख्या कम दिखाई गई।

03. राज्य में डेंगू का प्रकोप जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान दो सौ छियासी नये मरीज मिले।

04 और, नालंदा खुला विश्वविद्यालय का काम–काज आज से नालंदा जिले के बड़गांव स्थित नये परिसर में हो रहा है शुरू।

अब समाचार विस्तार से.........

---

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सभी राज्यों की सहकारी समितियों और एक हजार आठ सौ इक्यावन कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के रजिस्ट्रार कार्यालयों का कम्प्यूट्रीकरण करने तथा उन्हें और सशक्त बनाने का निर्णय लिया है। प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटियों की कम्प्यूटरीकरण योजना की तर्ज पर तेरह राज्यों में कार्यरत कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के कम्प्यूटरीकरण के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना को मंजूरी दी गई है। सहकारिता मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि एक केन्द्रीय निगरानी इकाई की स्थापना की जाएगी जो इस योजना के सफल कार्यान्वयन की दिशा में कार्य करेगी। इस योजना पर कुल दो सौ पच्चीस करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के कार्यान्वयन से न केवल राज्यों के सहकारी विभागों तथा कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के कार्यालयों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं तक लोगों की पहुंच में तेजी आएगी बल्कि इन कार्यालयों के कामकाज में पारदर्शिता और एकरूपता भी आएगी, जिससे ये अधिक कारगर तरीके से काम कर पाएंगे और इससे समय की भी बचत होगी।

---

केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने जाति आधारित गणना की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुये इसकी जांच कराने की मांग की है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री पारस ने कहा कि रिपोर्ट में पासवान जाति की संख्या बेहद कम बताई गई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक द्वेष के चलते कुछ जातियों की संख्या को कम दिखाया गया है।

–––बाईट––––

इधर, वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने जाति आधारित गणना पर उठाये जा रहे सवालों को आधारहीन बताया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि

सरकार ने गणना के लिये वैज्ञानिक पद्धति को अपनाया था। उन्होंने कहा कि गणकों ने हर घर जाकर आंकडे संकलित किये थे।

———————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग का विरोध करने का आरोप लगाया है। बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने ओबीसी के लिए कभी आरक्षण की बात नहीं सोची। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ओबीसी समुदाय को हमेशा आगे बढ़ाया गया है। श्री सिंह ने कहा कि जन धन योजना से लेकर अन्य सभी सरकारी कार्यक्रमों में ओबीसी का ध्यान रखा गया है।

———बाईट———

———————————————————————————————

राज्य में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के दो सौ छियासी नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक एक सौ उनसठ नए मामले मिले हैं। इधर, वैशाली में पंद्रह, सरण और बांका में तेरह तेरह और भागलपुर में दस नये मरीजों की पुष्टि हुयी है। प्रदेश में अब तक आठ हजार सात सौ पैंतालीस लोग डेंगू से संक्रमित हुये हैं। इधर, डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए पटना एम्स में तीस बेड वाला विशेष वार्ड बनाया गया है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सी.एम. सिंह ने बताया कि यदि मरीजों की संख्या बढ़ती है तो आगे भी बेड की संख्या बढ़ायी जायेगी।

———बाईट—

———————————————————————————————

नालंदा खुला विश्वविद्यालय का काम—काज आज से नालंदा जिले के बड़गांव स्थित नये परिसर में शुरू हो रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.केसी सिन्हा ने बताया कि आगामी अट्ठाईस अक्टूबर से आयोजित परीक्षाएं भी नए कैंपस से ही संचालित की जाएगी। श्री सिन्हा ने बताया कि वर्तमान समय में उन्नीस अक्टूबर तक सभी परीक्षाएं पटना केंद्र पर ही आयोजित होंगी। गौरतलब है कि नालंदा खुला विश्वविद्यालय उन्नीस सौ सतासी में अपनी स्थापना काल से पटना के बिस्कोमान भवन स्थित कार्यालय में चल रहा था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दिनों विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन किया था।

———————————————————————————————

हाजीपुर—मुजफ्फरपुर हाईवे पर पुलिसकर्मियों द्वारा एक शव को नहर में फेंकने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस उपाधीक्षक, पूर्वी शाहरयार अख्तर ने बताया कि वीडियो में दिख रहे तीनों पुलिसकर्मियों को प्रथम दृष्टया दोषी माना गया हैं। उन्होंने बताया कि चालक सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। वहीं दो गृहरक्षकों को ड्यूटी से हटा कर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————————————————

हावड़ा और प्रयागराज रामबाग के बीच चलने वाली विभूति एक्सप्रेस आज और कल रद्द रहेगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अपरिहार्य कारणों की वजह से ट्रेन रदद करने का फैसला किया गया है। वहीं रेलवे ट्रैक के रखरखाव कार्य के कारण ग्यारह अक्टूबर तक पटना बरौनी पैसेंजर ट्रेन का आशिक समापन विद्यापति धाम स्टेशन पर होगा।

———————————————————————————————

राज्य में अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि शेष स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहेगा।

———बाईट———

इधर, बारिश में कमी आने से अधिकांश स्थानों पर तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। हालांकि पछुआ हवा के प्रभाव से मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे है। मौसम विभाग के अनुसार अक्टूबर के मध्य तक प्रदेश वासियों को सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का अहसास होगा।

———————————————————————————————

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री बालक—बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत देय राशि को जारी कर दिया है। सामान्य वर्ग के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण और अनुसूचित जाति—जनजाति वर्ग के द्वितीय श्रेणी के दसवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए यह राशि जारी की गई है। इन सभी छात्र—छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से राशि बैंक खातों में भेजी जायेगी।

———————————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने पुलिस बहाली परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के मामले में जांच शुरू कर दी है। ईओयू के डीआईजी मानव जीत सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में गठित एसआइटी ने इस मामले में दर्ज सभी चौहत्तर एफआईआर की पड़ताल की और इसका बटवारा अलग—अलग अधिकारियों को किया गया है। पेपर लीक मामले में अब तक डेढ़ सौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

———————————————————————————————

आज विश्व डाक दिवस है। प्रति वर्ष नौ अक्टूबर को दुनिया भर के लोगों के जीवन में डाक की भूमिका के प्रति जागरूता के मकसद से यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है। **विश्वास के लिये साथ : सुरक्षित और जुड़े हुए भविष्य के लिये सहयोग।** भारत में वर्ष सत्रह सौ छियासठ में रॉबर्ट क्लाइव ने नियमित डाक व्यवस्था की शुरूआत की थी। विश्व डाक दिवस के अवसर पर प्रदेश के लोगों को डाक विभाग की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी देने के लिये अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————————————

आईसीसी पुरुष विश्व कप क्रिकेट के तहत चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया द्वारा दिए गए

दो सौ रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने इकतालीस ओवर दो गेंदों में ही जीत हासिल कर ली। विराट कोहली और केएल राहुल के बीच चौथे विकेट के लिए एक सौ पैंसठ रन की मजबूत साझेदारी भारतीय पारी का मुख्य आकर्षण रही। विराट ने जहां पिचासी रन बनाए, वहीं राहुल सत्तानवे रन बनाकर नाबाद रहे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम उनचास ओवर तीन गेंदों में एक सौ निन्यानवे रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से रवींद्र जड़ेजा ने तीन विकेट लिए।

——————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सहरसा जिले के आयुक्त कार्यालय के पीछे इकसठ करोड़ की लागत से बने नवनिर्मित सम्प हाउस का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने सदर अस्पताल के भवन और अन्य निर्माण कार्य के लिये एक सौ बयालीस करोड़ चरूपये की योजनाओं का शिलान्यास भी किया।

——————————————————————————————

सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामत ने त्रिवेनीगंज नगर परिषद क्षेत्र में स्थित रेफरल अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे लोगों को रियायती दर पर दवा उपलब्ध हो सकेगी।

——————————————————————————————

किसान नेता राकेश टिकैत ने कैमूर जिले के भभुआ में आयोजित किसान महापंचायत में प्रदेश में मंड़ी व्यवस्था को लागू करने की मांग की। उन्होंने भारत माला परियोजना के तहत बनने वाली सड़क के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की।

——————————————————————————————

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने बीस साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————————

बेगूसराय रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने लगभग नब्बे लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————————

अरवल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा कानूनी जागरूकता के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इसमे अधिवक्ताओं ने बालश्रम, दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न समेत अन्य कानूनों के बारे में जानकारी दी।

——————————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर नगर परिषद में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया। इस दौरान प्रशासन ने अवैध रूप से बनाये दुकानों को तोड़ दिया।

——————————————————————————————

पटना नगर निगम की ओर से शहर के पचहत्तर वार्ड में स्वच्छता भोज का आयोजन किया जायेगा। ये कार्यक्रम उन स्थानों पर आयोजित होंगे जहां कूड़ा साफ कर उसे स्वच्छ

बनाया गया है। पटना नगर निगम अपनी जीरो वेस्ट नीति के तहत यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। अनुमान है कि इस आयोजन में निगम के कर्मचारी, अधिकारी, दैनिक कर्मी और मजदूरों सहित दस हजार लोग भाग लेंगे।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने इजरायल पर हमले से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है– इजरायल–हमास जंग में सैकड़ों मरे, कई इमारते मलबे में तबदील।

**दैनिक जागरण** ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले के हवाले से लिखा है– दोषी होने पर भी मिलेगी पेंशन व ग्रेच्युटी।

**दैनिक भास्कर** ने बिजली दर से जुड़ी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– यूनिट का स्लैब एक होगा, चाहे जितनी बिजली खर्च करें, एक ही दर से भुगतान।

**प्रभात खबर** ने एक सर्वे रिपोर्ट को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– विलुप्त हो रहे गरूड़, मैना सहित पांच पक्षी।

**राष्ट्रीय सहारा** ने त्योहारों पर बढ़ती भीड़ को देखते हुये आवश्यकता अनुसार ट्रेन चलाने के फैसले को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– जितनी जरूरत उतनी ट्रेन चलायेगा रेलवे। **आज अखबार** की सुर्खी है– इंडियन एयर फोर्स को मिला नया ध्वज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. केन्द्र सरकार ने राज्यों की सहकारी समितियों और कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंकों के रजिस्ट्रार कार्यालयों का **आधुनिकिकरण** करने का निर्णय लिया।
02. केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने जातीय आधारित गणना की रिपोर्ट पर उठाया सवाल। कहा– राजनीतिक द्वेष के चलते कुछ जातियों की संख्या कम दिखाई गई।
03. राज्य में डेंगू का प्रकोप जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान दो सौ छियासी नये मरीज मिले।
04 और, नालंदा खुला विश्वविद्यालय का काम–काज आज से नालंदा जिले के बड़गांव स्थित नये परिसर में हो रहा है शुरू।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।